| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. डैड स्टाक के सामान (मशीन, उपकरण एवं फर्नीचर आदि बागवानी के औजारों से संबंधित) के रजिस्टरों का रख-रखाव.<br>2. कनज्यूमेबल सामान (विद्युत, प्लम्बरिंग, अनुरक्षण, अन्य विविध सामान से संबंधित) के रजिस्टरों का रख-रखाव.<br>3. प्रभारी अधिकारियों/अनुभागाध्यक्षों से प्राप्त मांग पत्रों के अनुसार क्रय किये जाने वाले सामान का संकलित विवरण तैयार करना. तद्नुसार संबंधित सामान के क्रय हेतु फर्मो/विक्रेताओं से पत्र-व्यवहार.<br>4. संबंधित सामान के संबंध में फर्म/विक्रेताओं से कोटशन आदि प्राप्त होने पर उनका संकलित विवरण तैयार कर उस पर प्रभारी अधिकारी (इन्वेन्ट्री) के माध्यम से सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना.<br>5. सामान के क्रय के संबंध में स्वीकृति प्राप्त होने पर फर्म/विक्रेताओं को क्रय आदेश भेजना. सामान की प्राप्ति पर उसे संबंधित स्टाक-बुक में दर्ज कर प्रभारी अधिकारी (इन्वेन्ट्री) से सत्यापित व हस्ताक्षरित करना.<br>6. सामान के स्टाक बुक में दर्ज होने के बाद बिलों को भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रभारी अधिकारी (इन्वेन्ट्री) के माध्यम से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना.<br>7. बिलों की स्वीकृति प्राप्त होने पर उनमें आहरण-वितरण अधिकारी के भुगतान आदेश प्राप्त कर बिलों को बिलों की पंजिका में दर्ज कर लेखा अनुभाग को सौंपना.<br>8. कैशियर से बिलों के संबंध में प्राप्त बैंक ड्राफ्टों को संबंधित फर्मो/विक्रेताओं को भेजना.<br>9. सामान के क्रय के संबंध में जहां आवश्यक हो उसके लिए बिक्री कर कार्यालय से फार्म-32 व फार्म-3 घ प्राप्त करना.<br>10. लेखा अनुभाग को इनवेन्ट्री अनुभाग से संबंधित नियत समय पर प्रारम्भिक एवं अन्तिम व्ययाधिक्य एवं बचतों का विवरण पत्र भेजना तथा आगामी वर्ष का आय-व्ययक भेजना.<br>11. लाइनमैन/प्लम्बर व अन्य कर्मचारियों को सामान जारी करना व जारी किये गये सामान को संबंधित पंजिकाओं में दर्ज करना.<br>12. दृश्य-श्रृव्य अनुभाग से प्राप्त रिपोर्ट पर वांछित उपकरणों के मरम्मत आदि की कार्यवाही की जानी.<br>13. दृश्य-श्रृव्य अनुभाग से प्राप्त रिपोर्ट पर संबंधित मशीनों-उपकरणों के संबंध में वार्षिक रख-रखाव संविदा की कार्यवाही. |

| पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र तथा प्रशिक्षण समन्वय ईकाई (टीसीयू) | |
|---|---|
| **34. पुस्तकालयाध्यक्ष** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. पुस्तकालय एवं प्रलेखीकरण इकाई का संचालन, नियोजन, नियंत्रण व निर्देशन.<br>2. पुस्तकालय कम्प्यूटरीकरण–निर्देशन, प्रशिक्षण एवं नियंत्रण.<br>3. पुस्तक चयन, चयनित पुस्तकों का क्रय, बिलों का सत्यापन.<br>4. संदर्भ एवं सूचनात्मक सेवायें.<br>5. विश्व बैंक डिपोजिटरी पुस्तकालय एवं अन्य संस्थाओं से प्राप्त प्रलेखों की सुव्यवस्था व पत्र व्यवहार.<br>6. पुस्तकालय कार्मिकों के कार्यो में समन्वय स्थापित करना.<br>7. अकादमी प्रकाशन की व्यवस्था.<br>8. अकादमी के वार्षिक प्रशिक्षण कलैण्डर का निर्माण, प्रकाशन व इसे अद्यावधिक रखना. इस हेतु विभिन्न डिवीजनों से प्रस्ताव प्राप्त कर स्वीकृति हेतु प्रेषित करना.<br>9. प्रशिक्षण सपोर्ट विंग तथा प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन से सम्बद्ध कर्मचारियों के कार्यो का नियोजन, नियंत्रण व निर्देशन.<br>10. प्रशिक्षण कार्यक्रमों, गतिविधियों के लिए संबंधित डिवीजनों से समन्वय स्थापित करते हुए निदेशक महोदय से स्वीकृति के उपरान्त कार्यक्रम निदेशक तथा समन्वयक नियुक्त कराना.<br>11. प्रशिक्षण का वार्षिक, मासिक तथा साप्ताहिक विंडो कलैण्डर बनाना तथा जारी करना.<br>12. अकादमी के अन्तर्गत सम्पन्न होने वाले समस्त प्रशिक्षण गतिविधियों जिनके लिए चर्चा कक्षों, छात्रावास तथा मैस की आवश्यकता होती है के संबंध में संबंधित से समन्वय स्थापित करना.<br>13. प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित सूचना को प्रति सप्ताह स्वागत कक्ष तथा अन्य स्थानों पर प्रदर्शित करवाना.<br>14. प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के संबंध में प्राप्त होने वाली स्वीकृतियों, सूचनाओं आदि को संबंधित डिवीजनों/संकाय अधिकारियों को उपलब्ध करवाना.<br>15. उत्तरांचल शासन के विभिन्न विभागों से प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित विषयों पर सामान्य पत्राचार करना.<br>16. अकादमी के वार्षिक प्रतिवेदन के लिए समस्त डिवीजनों, पीएमयूज व संकाय से वांछित सूचनायें एकत्र कर वार्षिक प्रतिवेदन का मुद्रण करवाना तथा प्रेषित करना.<br>17. प्रशिक्षण कलैण्डर के अनुसार प्रशिक्षण गतिविधियों का अनुश्रवण करना.<br>18. प्रदेश शासन की स्वीकृति के पश्चात् प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मूलप्रति संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करवाना.<br>19. अन्य कार्य जो महानिदेशक, अपर निदेशक व कार्यक्रम निदेशकों द्वारा सौंपे जायें. |

धारा-4(1)(b)(ii)

| 35. उप पुस्तकालयाध्यक्ष | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. पत्र–पत्रिकाओं से संबंधित सभी कार्य.<br>2. प्रलेखीकरण–ग्रंथ सूचियां बनाना, सारांश व अनुक्रमणीय व पेपर क्लिपिंग.<br>3. विभागीय प्रकाशनों की प्राप्ति व्यवस्था व सूची विषयक कार्य.<br>4. प्रलेखों की सुरक्षा, संरक्षण परिशोधन कार्य<br>5. भण्डार परीक्षण.<br>6. प्रलेखन केन्द्र में प्रलेखों की सुव्यवस्था व रख–रखाव.<br>7. अन्य कार्य जो महानिदेशक/अपर निदेशक/पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सौंपे जायें.<br>8. पुस्तकालयाध्यक्ष की अनुपस्थिति में अपने दायित्वों के अतिरिक्त पुस्तकालयाध्यक्ष पद के दायित्वों का निर्वहन. |

| 36. पुस्तकालय एवं सूचना सहायक | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. सदस्यता का पंजीकरण, पुस्तक आदान–प्रदान से संबंधित सभी कार्य, आगम–निर्गम कार्य का कम्प्यूटरीकरण.<br>2. फलकों पर निर्देशन कार्ड लगवाना.<br>3. वापस पुस्तकों को पुनः व्यवस्थित करना प्रलेखों की सुरक्षा संरक्षण व जिल्दबन्दी हेतु फटी–पुरानी पुस्तकें लगवाना.<br>4. हिन्दी विषयक कैटलाग कार्डस बनाना व उसकी फाइलिंग करना व परिशोधन.<br>5. रद्दी का निस्तारण करने की कार्यवाही.<br>6. संग्रह परीक्षण का कार्य.<br>7. प्रलेखों की सुरक्षा, संरक्षण परिशोधन कार्य.<br>8. उप पुस्तकालयाध्यक्ष की अनुपस्थिति में अपने पद के दायित्वों के साथ–साथ उप पुस्तकालयाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन.<br>9. अन्य सौंपे गये कार्य. |

| 37. टंकक | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. पुस्तकालय से संबंधित समस्त पत्रावलियों का रखरखाव.<br>2. पुस्तकालय से संबंधित समस्त पत्राचार.<br>3. पुस्तकालय में उपयोगी सभी सामग्री को क्रय कर उसके स्टाक बुक में प्रविष्टि करना व बिलों का भुगतान करवाना.<br>4. पुस्तकालय को प्राप्त पुस्तकों का परिग्रहण पंजिका में दर्ज करना व बिलों का भुगतान करवाना.<br>5. पुस्तकालयाध्यक्ष के निर्देशन में सेन्टर से सम्बन्धित प्रकाशनों तथा पीएमयू प्रलेखन का लेखा–जोखा तथा अन्य संबंधित कार्य.<br>6. पुस्तकालय एवं प्रलेखीकरण इकाई तथा प्रशिक्षण सपोर्ट विंग से संबंधित पत्रावलियों की टिप्पणियों/प्रपत्रों का टंकण कार्य.<br>7. समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कम्प्यूटर में एब्सट्रक्ट टंकित करना.<br>8. पुस्तकालय एवं प्रलेखन तथा प्रशिक्षण सपोर्ट विंग के समस्त टंकण का कार्य.<br>9. अन्य सौंपे गये कार्य. |
| **38. बाईण्डर** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. पत्र–पत्रिकाओं, पुस्तकों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दी जाने वाली पृष्ठाधार सामग्री की जिल्दबन्दी.<br>2. पत्र–पत्रिकाओं को बाइण्डिग हेतु क्रमवार व्यवस्थित करना.<br>3. पुस्तकों की स्लिपिंग करना.<br>4. पुस्तकालय की सफाई साज–सज्जा व विद्युत व्यवस्था की देखरेख करना.<br>5. स्टैक्स में प्रलेखों को व्यवस्थित करना.<br>6. दैनिक समाचार पत्रों को व्यस्थित करना.<br>7. छटनी योग्य पुस्तकों की सूची बनाना.<br>8. पुस्तकालय की सुरक्षा एवं संरक्षण का ध्यान रखना.<br>9. अन्य सौंपे गये कार्य. |

| | | |
|---|---|---|
| **39. फोटोकापी मशीन आपरेटर** | | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. | अकादमी में स्थापित फाटोकापियर मशीनों की सुव्यवस्था. |
| | 2. | अकादमी में स्थापित फोटोकापियर मशीनों पर कार्य कर रहे कार्मिकों के कार्यो में समन्वय स्थापित करना. |
| | 3. | पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सौंपे गये फोटोकापियर से संबंधित समस्त कार्य. |
| | 4. | फोटोकापियर मशीनों के आय-व्यय का विवरण रखना. |
| | 5. | निदेशक/संकाय/टीम लीडर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्य. |
| **40. सहायक–I** | | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. | प्रातःकालीन 09:00 बजे अथवा 09:30 बजे जैसा नियत किया गया हो पुस्तकालय को खोलना. |
| | 2. | प्रातःकालीन साफ-सफाई की देखरेख तथा पुस्तकालयाध्यक्ष कक्ष काउण्टर डिस्प्ले रैक इत्यादि की डस्टिंग करना. |
| | 3. | फाइलों/डाक को कार्यालय ले जाना और उनको वापस लाना. |
| | 4. | स्टैक में पुस्तकों को ले जाना तथा सैल्फ में पुस्तकों को ठीक से रखना. |
| | 5. | बिल्टी पार्सल इत्यादि लाना. |
| | 6. | पुस्तकालय निधि की सुरक्षा. |
| | 7. | प्रलेखों की सुरक्षा, संरक्षण परिशोधन कार्य. |
| | 8. | अन्य कार्य जो पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सौंपे जायें. |
| **41. सहायक–II** | | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. | पुस्तकालय की नियमित रुप से सफाई करना विशेष ध्यान स्टैक, कार्यालय, रीडिंग रुम, काउण्टर इत्यादि. |
| | 2. | पुस्तकालय के चारों ओर शीशे की साफ-सफाई करना. |
| | 3. | स्टैक्स में पुस्तकों को पहुंचाना. |
| | 4. | सैल्फ में पुस्तकों को ठीक से रखना. |
| | 5. | कार्यालय से डाक व फाइल लाना ले जाना. |
| | 6. | पुस्तकालय निधि की सुरक्षा. |
| | 7. | पुस्तकों को व्यवस्थित करना. |
| | 8. | प्रलेखन केन्द्र/स्टैक कक्ष की झाड़पोछ व साफ-सफाई. |
| | 9. | अन्य कार्य जो पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सौंपे जायें. |

धारा-4(1)(b)(ii)

| 42. टीम प्रबन्धक, प्रशिक्षण समन्वय डिवीजनः- | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | 1. समन्वयक प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन द्वारा किये जा रहे समस्त कार्यों में सहयोग प्रदान करना.<br>2. वार्षिक प्रशिक्षण कलैण्डर तथा वार्षिक प्रतिवेदन का निर्माण, मुद्रण तथा प्रेषण से संबंधित सभी कार्यवाही सम्पन्न कराना.<br>3. प्रशिक्षण का विण्डो कलैण्डर जारी करना तथा विण्डों कलैण्डर में सम्पादित गतिविधियों की सूचना अद्यावधिक रखना.<br>4. प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित सूचना शनिवार को निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित करना.<br>5. अकादमी का डाटाबेस जिसमें भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की सूची व पते उत्तरांचल शासन के विभागों, विभागाध्यक्षों की सूची एवं पते, राष्ट्रीय एवं केन्द्रीय तथा राज्य स्तर पर प्रशिक्षण संस्थानों की सूची विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों, अतिथि संकाय की सूची तैयार करना तथा इसे अद्यावधिक रखना.<br>6. प्रशिक्षण से संबंधित शासनादेशों, दिशा-निर्देशों, प्रस्तावों के प्रपत्र, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रिपोर्ट को प्राप्त करना तथा उन्हें सुरक्षित रखना.<br>7. कार्यक्रम निदेशक रिपोर्ट की साप्ताहिक, मासिक तथा त्रैमासिक विवरण तैयार करना तथा कार्यक्रम निदेशक रिपोर्ट की प्राप्ति हेतु प्रभावी अनुश्रवण करना.<br>8. विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से प्राप्त प्रशिक्षण कलैण्डर, प्रशंसा पत्रों को संकलित करना तथा आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध करवाना.<br>9. प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाले आधारभूत एवं व्यावसायिक तथा सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगदान एवं प्रशिक्षण के उपरान्त कार्यमुक्त होने की तिथियां, सम्पन्न होने वाली विभागीय परीक्षाओं के अभिलेख/विवरण संबंधित कार्यक्रम निदेशकों से प्राप्त कर इस हेतु बनायी गयी पंजिकाओं में अभिलिखित करवाना और उसका प्रभावी अनुश्रवण करना.<br>10. प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन को प्राप्त होने वाले समस्त पत्रों को डायरी करना तथा समन्वयक द्वारा मार्किंग के पश्चात् संबंधित डिवीजन, पीएमयूज, संकाय को उपलब्ध कराना.<br>11. महानिदेशक/अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक (प्रशासन), विभिन्न संकाय सदस्यों से परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त करना एवं तद्नुसार कार्य सम्पादित करवाना.<br>12. अन्य कार्य जो समय-समय पर समन्वयक, प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन द्वारा सौंपे जायें.<br>13. प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के संबंध में प्राप्त होने वाली स्वीकृतियों, सूचनाओं, दिशा-निर्देशों आदि को संबंधि डिवीजनों/संकाय सदस्यों को उपलब्ध कराना.<br>14. प्रदेश शासन की स्वीकृति के पश्चात् प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मूलप्रति समन्वयक के अनुमोदन के पश्चात् संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करवाना. |

| 43. कैमरामैन एवं टीम प्रबन्धक, प्रशिक्षण अनुश्रवण डिवीजन | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. प्रशिक्षण सपोर्ट विंग, दृश्य–श्रृव्य अनुभाग से संबंधित कार्यो का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण.<br>2. कैमरामैन पुस्तकालयाध्यक्ष के साथ सम्बद्ध रहेंगे तथा अपने समस्त कार्यो का निष्पादन उनके निर्देशानुसार करेंगे.<br>3. प्रशिक्षण सपोर्ट विंग से संबंधित अन्य कार्मिकों के कार्यो का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण.<br>4. दृश्य–श्रृव्य अनुभाग से संबंधित समस्त उपकरणों का रखरखाव.<br>5. दृश्य–श्रृव्य अनुभाग से संबंधित सभी पत्रावलियों का रखरखाव.<br>6. दृश्य–श्रृव्य अनुभाग से संबंधित समस्त कार्यो का निष्पादन.<br>7. प्रशिक्षण सपोर्ट विंग के कार्यो का पर्यवेक्षण एवं अनुरक्षण.<br>8. प्रशिक्षण हेतु उपकरणों एवं संयंत्रों का क्रय व व्यवस्था.<br>9. संबंधित भवनों में साज–सज्जा की व्यवस्था करना.<br>10. फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था.<br>11. विंग का पत्र–व्यवहार.<br>12. कार्यक्रम निदेशकों से वार्ता कर तद्नुसार व्यवस्था सुनिश्चित करना.<br>13. अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/टीम लीडर द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्य. |

धारा–4(1)(b)(ii)

| **44. प्रशिक्षण सहायक (प्रवर सहायक)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. टीम प्रबन्धक प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन/कैमरामैन एवं टीम प्रबन्धक के निर्देशानुसार प्रशिक्षण हेतु वांछित सामग्री का क्रय व जारी करना.<br>2. प्रशिक्षण सपोर्ट विंग के बिलों को बिल बुक/स्टाक बुक में चढ़ाना एवं उनके भुगतान की कार्यवाही करना.<br>3. कार्यक्रम निदेशकों से बीजक को ग्रहण करने के उपरान्त उनकी स्टाक बुक में प्रविष्टि एवं उनके भुगतान की कार्यवाही करना.<br>4. प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाले आधारभूत एवं व्यावसायिक तथा सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों द्वारा अकादमी में योगदान एवं कार्यमुक्त होने की तिथियां, विभागीय परीक्षाओं के अभिलेख/विवरण प्राप्त कर पंजिकाओं को अद्यतन रखना.<br>5. प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाले भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय का लेखा–जोखा अलग–अलग पंजिकाओं में रखना तथा समय–समय पर निदेशक/संयुक्त निदेशक/टीम लीडर को सूचित करना.<br>6. कार्यक्रम निदेशक रिपोर्ट को सुव्यवस्थित रखना.<br>7. प्रशिक्षण सपोर्ट हेतु टीम लीडर/टीम प्रबन्धक से परामर्श कर सामग्री का क्रय करना.<br>8. त्रिशूल भवन एवं चौखम्बा भवन में स्थित चर्चा कक्षों तथा उनसे संबंधित प्रसाधनों की दैनिक सफाई व्यवस्था का पर्यवेक्षण<br>9. समस्त चर्चा कक्षों के रखरखाव संबंधी कार्यो की टीम लीडर को रिपोर्ट देना.<br>10. पुस्तकालय एवं प्रलेखन केन्द्र तथा प्रशिक्षण सपोर्ट विंग एवं प्रशिक्षण समन्वय डिवीजन के समस्त पत्रों का डिस्पैच तथा टिकटों का हिसाब रखना.<br>11. अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/टीम लीडर द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्य.<br>12. कोर्स निदेशकों द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्य. |

धारा–4(1)(b)(ii)

| **45. चर्चा कक्ष परिचर–1** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. प्रातःकालीन सफाई कार्य का पर्यवेक्षण तथा चर्चा कक्षों के साथ लगे शौचालयों की सफाई पर निगरानी रखना.<br>2. प्रेक्षागृह की सफाई और रख–रखाव.<br>3. पेपर कटिंग कार्य/स्पाईर बाइण्डिग/परीक्षा की उत्तर पुस्तिकायें तैयार करना.<br>4. संबंधित चर्चा कक्षों में लगे उपकरण एवं संयंत्रों का रख–रखाव.<br>5. चर्चा कक्षों में लगी मरम्मत योग्य सामग्री की रिपोर्ट टीम प्रबनधक और टीम लीडर को देना.<br>6. चर्चा कक्षों, कान्फ्रेंस हॉल, प्रेक्षागृह में जहां कहीं भी कोई सामग्री लगी है उसकी सुरक्षा करना. |
| **46. चर्चा कक्ष परिचर–2** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. चर्चा कक्षों की व्यवस्था एवं रखरखाव.<br>2. चर्चा कक्षों की सफाई का ध्यान रखना.<br>3. चर्चा कक्षों में लगी मरम्मत योग्य सामग्री की रिपोर्ट टीम लीडर को देना.<br>4. चर्चा कक्षों के साथ विद्यमान शौचालयों की सफाई पर निगरानी रखना.<br>5. संबंधित भवनों में जालों की सफाई करना/भवनों में पोछा लगवाना/विद्युत व पानी की व्यवस्था करना.<br>6. चौखम्बा भवन के कान्फ्रेंस हाल की सफाई का कार्य.<br>7. चर्चा कक्षों, कान्फ्रेंस हॉल, प्रेक्षागृह में जहां कहीं भी कोई सामग्री लगी है उसकी सुरक्षा करना.<br>8. निदेशक/संयुक्त निदेशक/टीम लीडर द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्य. |
| **47. चर्चा कक्ष परिचर–3** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. दृश्य–श्रृव्य अनुभाग से संबंधित समस्त कार्यो का निष्पादन.<br>2. दृश्य–श्रृव्य कक्ष की साफ–सफाई, डस्टिंग करना तथा<br>3. कैमरामैन के निर्देशानुसार कार्य का निष्पादन.<br>4. चौखम्बा भवन में स्थित कान्फ्रेंस हाल की समय–समय पर साफ–सफाई और व्यवस्थित करने का कार्य<br>5. चर्चा कक्षों, कान्फ्रेंस हाल, प्रेक्षागृह में जहां कहीं भी जो उपकरण लगें हो उन पर निगरानी रखना और यह व्यवस्था करना कि वे ठीक कार्य करें तथा उनकी साफ–सफाई का ध्यान रखना.<br>9. चर्चा कक्षों, कान्फ्रेंस हॉल, प्रेक्षागृह में लगी सामग्री की सुरक्षा करना.<br>10. अन्य कार्य जो टीम लीडर, टीम प्रबन्धक और उप पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सौंपे जायें. |

<table>
<tr><th colspan="2">सेवा प्रबन्धन ईकाई (मैस/छात्रावास/परिसर/अतिथिगृह/स्वागत व स्पोर्टस् अनुभाग)</th></tr>
<tr><td colspan="2">48. व्यवस्थाधिकारी</td></tr>
<tr><td>शक्तियाँ/ दायित्व</td><td>1. प्रबन्धकीय इकाई से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन/अनुश्रवण.<br>2. अकादमी मैस में प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के लिए भोजन का साप्ताहिक मीनू तैयार करवाना.<br>3. अकादमी मैस में प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के लिए मीनू के अनुसार ब्रेकफास्ट, लंच व डिनर की व्यवस्था का उत्तरदायित्व.<br>4. अकादमी मैस/भोजनालय में कार्यरत स्टाफ को उन्हें सौंपे गये कार्यो के संबंध में निर्देशित करना.<br>5. अकादमी छात्रावास में प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के ठहरने की उचित व्यवस्था का प्रबन्धन.<br>6. अतिथि गृह में आने वाले अतिथियों के लिए अतिथि गृह कक्षों की समुचित व्यवस्था का उत्तरदायित्व तथा अतिथियों के लिए निर्देशानुसार जलपान व भोजन व्यवस्था का प्रबन्धन.<br>7. अतिथि गृह की देखरेख एवं साज–सज्जा की व्यवस्था.<br>8. अकादमी लाउन्ज में विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर निर्देशानुसार उचित प्रबन्धन.<br>9. स्वागत कक्ष से सम्बद्ध कार्मिकों की आवश्यकतानुसार व्यवस्था.<br>10. अकादमी वाहनों के संचालन/वाहन के रखरखाव से संबंधित कार्यो का निस्तारण.<br>11. अकादमी में विद्यमान अनावासीय/आवासीय भवनों की देख–रेख एवं अनुरक्षण/मरम्मत से संबंधित कार्यो का निस्तारण.<br>12. अकादमी में प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के लिए खेलकूद, क्रीड़ा/जीम से संबंधित व्यवस्थायें सुनिश्चित करना और अधीनस्थ स्टाफ को आवश्यकतानुसार सम्बद्ध करते हुए निर्देशित करना.<br>13. निदेशक /अपर निदेशक /संयुक्त निदेशक (प्रशासन) के दिशा–निर्देशों के अनुरुप सौंपे गये कार्यो का निस्तारण.<br><br>नोट:– वर्तमान में दायित्व प्रतिनिहित नहीं किये गये हैं।</td></tr>
</table>

| 49. परिसर सहायक (अतिथि गृह/छात्रावास प्रबन्धक) | |
|---|---|
| शक्तियाँ/ दायित्व | 1. अतिथिगृह छात्रावास कक्षों में अतिथियों/प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के कक्षों की नित्य देखरेख व समुचित व्यवस्था का प्रबन्धन.<br>2. प्रांगण में स्थित समस्त आवासीय एवं अनावासीय भवनों की रंगाई-पुताई-अनुरक्षण कार्य.<br>3. स्थानीय नगरपालिका द्वारा चार्ज किये जाने वाले भवन कर, सफाई कर, सीवरेज के अलावा जल संस्थान द्वारा चार्ज किये जाने वाले जल कर/जल प्रभार के समय-समय पर प्राप्त देयकों को संबंधित पंजिका में अंकित करना व उनके भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करना.<br>4. भवन रजिस्टर का रख-रखाव.<br>5. प्रांगण में विद्युत/पानी की आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित कार्य.<br>6. आवासीय भवनों का आवंटन संबंधी कार्य.<br>7. अकादमी परिसर में स्थित चल व अचल सम्पति की देख-रेख एवं सुरक्षा.<br>8. परिसर में सफाई कार्य सम्पादित कराने में सफाई ठेकेदारों को समय-समय पर निर्देशित करना.<br>9. परिसर अनुभाग संबंधित सभी पत्रावली एवं रजिस्टरों का रख-रखाव. |
| **50. प्रवर सहायक (कुक-कम-क्लर्क)** | |
| शक्तियाँ/दायित्व | 1. अकादमी मैस के लेखे-जोखे को अद्यावधिक रखना.<br>2. अकादमी मैस में प्राप्त होने वाली नित्य खाद्य सामग्री को स्टाक बुक में दर्ज करना व नित्य उपयोग के उपरान्त सामान का अवशेष स्टाक अंकित करने का कार्य.<br>3. अकादमी मैस हेतु मीनू के अनुसार प्रतिदिन खाद्य सामग्री/सब्जी इत्यादि के लिए नित्य आदेश निर्गत करना व तद्नुसार सामान की प्राप्ति सुनिश्चित करना.<br>4. अकादमी में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समाप्ति उपरान्त भोजन/आवास के देयकों को तैयार करना व संबंधित कोर्स निदेशकों को उपलब्ध कराना.<br>5. प्रत्येक माह की समाप्ति उपरान्त क्रय किये गये खाद्य सामग्री इत्यादि के देयकों का संबंधित फर्म को भुगतान.<br>6. मैस लेखे-जोखे के अन्तर्गत लेजर व कैश बुक को अद्यावधिक रखना.<br>7. समय-समय पर संबंधित फर्मो/व्यक्तियों को मैस से संबंधित देयकों का भुगतान चैक जारी करना.<br>8. अकादमी मैस में मुख्य रसोइया व रसोइया को भोजन व्यवस्था हेतु निर्देशित करते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान करना.<br>9. व्यवस्थाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यो का सम्पादन. |

| **51. लाइनमैन** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी परिसर में स्थित समस्त अनावासीय/आवासीय भवनों की विद्युत व्यवस्था में खराबी को ठीक करना.<br>2. अकादमी के छात्रावास एवं अतिथिगृह तथा त्रिशूल, चौखम्बा, मंदाकिनी आदि भवनों में विद्युत खराबी को दुरस्त करना.<br>3. चर्चा कक्षों की विद्युत खराबी को दुरस्त करना.<br>4. समय-समय पर सौंपे गये विद्युत संबंधी कार्य.<br>5. अकादमी में विद्युत मीटरों की रीडिंग लेकर उसे टीम लीडर को प्रेषित करना.<br>6. 40 के.वी.ए. जनरेटर का संचालन एवं रख-रखाव व उसे दुरस्त रखना.<br>7. अकादमी में समय-समय पर विद्युतीकरण के कार्य में तकनीकी परामर्श देना.<br>8. समय-समय पर प्लम्बर के कार्य में सहायता करना. |
| **52. स्वागती** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी स्वागती का कार्य.<br>2. अकादमी में संचालित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का पंजीकरण करने का कार्य.<br>3. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के लिए निर्देशानुसार समय-समय पर वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करना.<br>4. प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को निर्देशानुसार छात्रावास कक्षों का आवंटन.<br>5. अकादमी में आने वाले अतिथि प्रवक्ताओं व अन्य अतिथियों को निर्देशानुसार अतिथिगृह कक्षों का आवंटन.<br>6. प्रशिक्षार्थी अधिकारी व अतिथि प्रवक्ताओं के लिए निर्देशानुसार रेल/बस के आरक्षण की व्यवस्था करवाने का कार्य. |

| 53. व्यायाम प्रशिक्षक | |
|---|---|
| शक्तियाँ/दायित्व | 1. अकादमी में संचालित इन्डैक्शन कोर्स, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम व व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को प्रातःकाल पी.टी. करवाना व निर्देशानुसार स्थानीय स्तर पर ट्रैकिंग पर ले जाना.<br>2. उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षार्थियों के साथ प्रतिभाग करने वाले अन्य प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को निर्देशानुसार योगा करवाना (योगा, योग प्रशिक्षक के माध्यम किया जावेगा).<br>3. लॉन टेनिस कोर्ट को अध्यावधिक स्थिति में रखना (खेल के मैदान की मार्किंग मार्कर के माध्यम से करवाना).<br>4. इन्डोर बैडमिन्टन कोर्ट, टेबिल टेनिस व विलियर्ड खेलों/कक्षों को चालू हालत में अध्यावधिक रखा जाना.<br>5. अकादमी जिम कक्ष को अध्यावधिक व विद्यमान उपकरणों का रख-रखाव.<br>6. अकादमी प्रांगण में स्थित वॉलीबाल कोर्ट को आवश्यकतानुसार समय पर तैयार करवाना (खेल के मैदान की मार्किंग मार्कर के माध्यम से करवाना).<br>7. गंगोत्री व यमुनोत्री छात्रावास के लाउन्ज में उपलब्ध कैरम व शतरंज (खेलों) के संचालन को अध्यावधिक रखा जाना.<br>8. क्रम संख्या-2 से लेकर 7 पर उल्लिखित खेल व्यवस्थाओं के संबंध में मार्कर/योगा प्रशिक्षक सहयोग के लिए उपस्थित रहेंगे और उक्त दोनों सहयोगी व्यायाम प्रशिक्षक के निर्देशानुसार कार्य करेंगे.<br>9. अकादमी में दीर्घकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाना.<br>10. अकादमी की क्रीड़ा व्यवस्था हेतु समय-समय पर क्रय की जाने वाली समस्त प्रकार की खेल सामग्री का नियमानुसार सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर सामान का क्रय करवाना.<br>11. अकादमी में क्रीड़ा व्यवस्था हेतु अत्यावश्यक सामान/साज-सज्जा को अध्यावधि स्थिति में रखना तथा व्यवस्था हेतु आवश्यक साज-सज्जा का नियमानुसार क्रय करवाना.<br>12. अकादमी में प्रातःकाल व सायं काल के खेलों का समय निर्धारण तथा अनुमति प्राप्त स्थानीय अधिकारियों को समय से विभिन्न खेलों को निर्धारित समय पर सम्पन्न कराना.<br>13. अकादमी क्रीड़ा फण्ड का रख-रखाव तथा क्रीड़ा फण्ड में विभिन्न श्रोतों से प्राप्त होने वाले शुल्क/धनराशियों की प्राप्ति सुनिश्चित करना व उन्हें क्रीड़ा फण्ड में जमा करवाना. इसके साथ क्रीड़ा फण्ड से भुगतान किए जाने वाले विभिन्न भुगतानों |

| | |
|---|---|
| | के निस्तारण की कार्यवाही.<br>14. शेष अवधि में स्वागत कक्ष का संचालन, जिसके अन्तर्गत अकादमी वाहनों की उपलब्धता, संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संकाय अधिकारियों व प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को समय से सुनिश्चित करवाना.<br>15. अकादमी में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को क्षेत्र अध्ययन भ्रमण के लिए उपयोग में लाये जाने वाले बसों व वाहनों को अनुबन्धित फर्म/व्यक्तियों से वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करवाना.<br>16. अकादमी में विद्यमान समस्त सरकारी वाहनों की लौग बुकों को संबंधित वाहन चालक से पूर्ण करवाकर लौग बुकों को अध्यावधिक रखवाना.<br>17. अकादमी के समस्त सरकारी वाहनों के अनुरक्षण मरम्मत के संबंध में नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर वाहनों की अनुरक्षण मरम्मत करवाये जाने का कार्य.<br>18. अकादमी की समस्त सरकारी वाहनों के पेट्रोल, डीजल व अनुरक्षण मरम्मत से संबंधित देयकों को संबंधित वाहन चालकों से लौग बुक में चढ़वाकर सत्यापित करवाना तथा वाहन से संबंधित पत्रावली में देयकों के भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करवाना.<br>19. अकादमी में उपलब्ध समस्त सरकारी वाहनों के संबंध में प्रत्येक माह की समाप्ति के उपरान्त लौग बुक के आधार पर वाहनों के औसत का विवरण सक्षम अधिकारी के माध्यम से अपर निदेशक को प्रस्तुत किया जाना.<br>20. एम.आर.एफ. वाहन निधि से संबंधित लेखा–जोखा अध्यावधिक रखने का कार्य तथा इस निधि में विभिन्न श्रोतों से प्राप्त होने वाली धनराशि को निधि में जमा करने एवं इससे संबंधित भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करना.<br>21. अकादमी में आयोजित होने वाले समस्त प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को संबंधित कोर्स निदेशकों/कोऑर्डिनेटर (टी.सी.यू.) के मार्ग निर्देशन उपरान्त छात्रावास कक्षों का आवंटन.<br>22. निदेशक/अपर निदेशक एवं संकाय अधिकारियों के निर्देशानुसार क्रीड़ा संबंधी व अन्य कार्यो का सम्पादन/अनुपालन. |

| | |
|---|---|
| **54. प्रोजेक्टनिष्ट** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. प्रोजेक्टर आपरेटर के संचालन का कार्य.<br>2. प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण उपकरणों की व्यवस्था/अद्यावधिक रख–रखाव. |
| **55. वाहन चालक (05 पद)** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. निर्देशानुसार वाहन चालन का कार्य.<br>2. सम्बद्ध वाहन के उचित रख–रखाव का कार्य.<br>3. वाहन के लॉग बुक का रख रखाव. |
| **56. चौकीदार (प्लम्बर)** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी परिसर में स्थित समस्त अनावासीय/आवासीय भवनों एवं प्रागंण में पानी की व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाना.<br>2. अकादमी के छात्रावास, अतिथिगृह तथा त्रिशूल, चौखम्बा, मंदाकिनी आदि भवनों में पानी की व्यवस्था देखना.<br>3. समय–समय पर सौंपे गये कार्य.<br>4. अकादमी में पानी के मीटरों की रीडिंग लेकर उसे टीम लीडर को प्रेषित करना.<br>5. पानी व्यवस्था हेतु कनेक्शन हेतु जल संस्थान विभाग को तकनीकी सहायता देना. |
| **57. माली (02 पद)** | |
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी बागवानी की उचित व्यवस्था एवं देखभाल करना.<br>2. अकादमी परिसर में आर्डवैल कोठी व एवरसिले हाऊस में बगीचे की व्यवस्था एवं देखभाल करना.<br>3. परिसर में बागवानी से संबंधित समस्त कार्य व फूलों के बीज तैयार करना.<br>4. समस्त गमलों एवं बगीचे में पानी देना<br>5. अकादमी लान में मशीन द्वारा दूब की कटाई तथा घास की सफाई आदि का कार्य.<br>6. पालीहाउस के फूलों की नित्य देखभाल करना.<br>7. विभिन्न क्यारियों में खाद् डालना व क्यारियॉ तैयार करना.<br>9. समय–समय पर गुलदस्यों हेतु बागवानी से फूलों की व्यवस्था करना. |

| **58. मुख्य रसोइया (01 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी मैस में प्रतिदिन निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन को पकाने की समुचित व्यवस्था.<br>2. व्यवस्थाधिकारी के निर्देशानुसार सौंपे गये मैस से संबंधित कार्यो का सम्पादन. |

| **59. रसोइया (01 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. मैस में प्रतिदिन निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन को पकाने की समुचित व्यवस्था में मुख्य रसोइया को सहयोग प्रदान करना.<br>2. व्यवस्थाधिकारी के निर्देशानुसार सौंपे गये मैस से संबंधित कार्यो का सम्पादन. |

| **60. सहायक रसोइया (01 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. मुख्य रसोइया के निर्देशानुसार भोजन बनाने का कार्य. |

| **61. रसोइया सहायक (02 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. भोजन बनाने के संबंध में रसोइया/सहायक रसोइया को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए भोजन बनाने का कार्य सम्पादन. |

| **62. टेबुल बियरर (02 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. मैस में बने भोजन को भोजनालय में विद्यमान डायनिंग टेबल पर सुव्यस्थित ढंग से भोजन को लगाये जाने का कार्य. |

| **63. भोजनालय परिचर (02 पद)** | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी मैस में बनाये गये भोजन को प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के लिए भोजनालय कक्ष में उपयुक्त बर्तनों में भोजन लगाये जाने का कार्य तथा भोजन उपरान्त समस्त बर्तनों को साफ करने हेतु एकत्रित किये जाने का कार्य. |

| 64. मैस छात्रावास सहायक/छात्रावास परिचर (10 पद) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. अकादमी में विद्यमान छात्रावास भवनों के समस्त कक्षों में बैड, बिस्तर लगाये जाने का कार्य.<br>2. समय-समय पर चादर, तौलिये इत्यादि बदले जाने का कार्य.<br>3. छात्रावास कक्षों की नित्य साफ-सफाई व डस्टिंग.<br>4. छात्रावास कक्षों में प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के लिए सामग्री को अद्यावधिक रुप से रखा जाना.<br>5. छात्रावास में रह रहे प्रशिक्षार्थी अधिकारियों को प्रातःकालीन चाय (बैड-टी) बनाकर सर्व करने का कार्य.<br>6. नित्य कक्षों में सफाई कर्मचारी से झाडू लगवाना तथा स्नानागार व शौचालय की सफाई करवाना. |

| 65. फर्राश (01 पद) | |
|---|---|
| **शक्तियाँ/दायित्व** | 1. विभिन्न विंगों/अनुभागों के अलावा कार्यालय कक्षों की सफाई, डस्टिंग इत्यादि का कार्य.<br>2. अन्य कार्यालयी कार्य जो सक्षम अधिकारी द्वारा सौंपे जाते हैं. |

| 66. चौकीदार (03 पद) | |
|---|---|
| **दायित्व** | 1. अकादमी कार्यालय की चौकीदारी व देखरेख का कार्य. |

| 67. सफाईकर्मी (01 पद) | |
|---|---|
| **दायित्व** | 1. कार्यालय कक्षों की सफाई इत्यादि का कार्य. |

| 68. मार्कर (क्रीड़ा) | |
|---|---|
| दायित्व | 8. प्रशिक्षार्थी अधिकारियों के उपयोगार्थ स्थापित इन्डोर व आउटडोर खेल सुविधाओं और उपकरणों/सामग्री की व्यवस्था करना.<br>9. आधारभूत, व्यवसायिक व अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतियोगात्मक क्रीड़ा प्रतियोगितायें आयोजित करना.<br>10. क्रीड़ा, खेल–कूद से संबधित पत्रावलियाँ व अभिलेख व्यवस्थित रखना.<br>11. प्रशिक्षार्थियों अधिकारियों को इच्छानुसार चयनित खेल का कौशल प्रदान करना. |

**नोट:**

- **अकादमी एक गतिमान संस्था है. अकादमी की संकल्पना एवं ध्येय की पूर्ति हेतु तथा बदलती हुयी आवश्यकताओं के परिपेक्ष्य में संकाय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका, कार्य एवं दायित्वों की समीक्षा के आधार पर इनमें परिवर्तन किया जाता है.**